भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 188 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 30 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## अरावली पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य, केंद्र व पर्यावरण मंत्री भ्रमित कर रहे थे : गहलोत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



अरावली पर्वतमाला से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले का स्वागत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव पर तीखा हमला बोला है। गहलोत ने कहा कि अरावली को लेकर केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्री लंबे समय से जनता को भ्रमित कर रहे थे, जबकि जनभावनाएं और पर्यावरणीय हित स्पष्ट रूप से इसके खिलाफ थीं।

जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए गहलोत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य है। समझ से परे है कि केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्री को यह बात पहले क्यों नहीं समझ आई। उन्होंने कहा कि जनता सड़कों पर उतरी, विरोध हुआ, तब जाकर स्थिति स्पष्ट हुई। यह केंद्र सरकार के लिए भी आत्ममंथन का अवसर है।

गहलोत ने सवाल उठाया कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में काम करने वाली सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी (सीईसी) को समाप्त क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि पहले यह कमेटी सीधे सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट करती थी, जिसमें न्यायाधीश, पर्यावरण विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। उसकी निगरानी स्वयं सुप्रीम कोर्ट करता था, इसलिए उसके निर्णयों का महत्व था।

गहलोत ने कहा कि सीईसी को खत्म कर उसी नाम से विभागीय कमेटी बना दी गई, जो सरकार को रिपोर्ट देती है और सरकार चाहे तो उसे माने या न माने। यदि पुरानी सीईसी को बहाल कर दिया जाए तो आधी समस्या अपने आप हल हो जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अरावली प्रकरण में नियुक्त न्याय मित्र ने इस्तीफा क्यों दिया, यह आज भी रहस्य बना हुआ है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अब उसी न्याय मित्र को दोबारा नियुक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जो प्रक्रिया पटरी से उतर गई थी, वह अब वापस सही दिशा में आएगी।

गहलोत ने कहा कि अरावली को लेकर जनता में भारी आक्रोश था। लोग सड़कों पर उतरे और स्पष्ट संदेश दिया कि पर्यावरण से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्री फैसलों का समर्थन करते रहे और लोगों को गुमराह करते रहे। उन्होंने कहा कि सरिस्का और अरावली से जुड़े निर्णयों से संबंधित जिलों में भारी असंतोष है।

गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार ने यह संदेश देने की कोशिश की कि अरावली क्षेत्र में नई खदानें नहीं दी जाएंगी, जबकि यह पहले से ही सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेशों का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि जब तक जिलेवार प्लानिंग नहीं होगी, तब तक खनन की अनुमति नहीं दी जा सकती । पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में राजनीति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को ध्यान में रखकर फैसले लेने चाहिए।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय पर केबिनेट मंत्री कुमावत और राज्य मंत्री चौधरी ने सुनी कार्यकर्ता की समस्याए , त्वरित हुआ निस्तारण



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन और देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत तथा राजस्व, उपनिवेशीकरण एवं सैनिक कल्याण विभाग के राज्य मंत्री विजय चौधरी ने संयुक्त रूप से कार्यकर्ता सुनवाई की। कार्यकर्ता सुनवाई के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि यह पहल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है। इसका मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कुमावत ने बताया कि सुनवाई के दौरान पशुपालन विभाग से संबंधित शिकायतों के साथ-साथ बिजली और पेयजल से जुड़े कई मुद्दे सामने आए। इनमें से अधिकांश मामलों में मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए गए, जबकि जिन प्रकरणों में विभागीय हस्तक्षेप आवश्यक था, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल पत्र लिखने के निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और इस लक्ष्य को हासिल करने में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जा रहा है।

राज्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में सुशासन की मजबूत नींव रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मंत्रीगण अपने-अपने निवास स्थानों पर नियमित जनसुनवाई कर रहे हैं और अब पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के लिए सुनवाई की व्यवस्था कर संगठनात्मक संवाद को और सशक्त किया गया है। इससे प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान, महत्व और सीधा संवाद मंच मिलेगा, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होगा। कार्यकर्ता सुनवाई के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह एवं नारायण मीणा भी उपस्थित रहे।

## 78वें आर्मी डे परेड की तैयारियां जोरों पर, जयपुर बनेगा ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी

### पहली बार सैन्य क्षेत्र के बाहर होगी आर्मी डे परेड, डेढ़ लाख लोग प्रतिदिन देखेंगे परेड व रिहर्सल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान की राजधानी जयपुर पहली बार भारतीय सेना के 78वें आर्मी डे परेड के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। यह परेड पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आयोजित होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना प्रत्येक देशवासी का गर्व और अभिमान है तथा यह आयोजन न केवल जयपुर बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गौरव का क्षण होगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आर्मी डे परेड एवं इससे जुड़े आयोजनों की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं, ताकि आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जा सके। उन्होंने अतिथियों व आमजन की बैठक व्यवस्था, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश दिए।

#### 15 जनवरी को मुख्य परेड, 9, 11 व 13 जनवरी को रिहर्सल

बैठक में सेना के अधिकारियों ने जानकारी दी कि 15 जनवरी को जगतपुरा स्थित महल रोड पर मुख्य आर्मी डे परेड होगी, जबकि 9, 11 और 13 जनवरी को इसकी रिहर्सल आमजन देख सकेंगे। प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लोग परेड और रिहर्सल के साक्षी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, नारी शक्ति, पूर्व सैनिकों और आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### लड़ाकू विमान, टैंक और मिसाइलों का होगा प्रदर्शन

परेड में भारतीय सेना की ताकत और तकनीकी क्षमता का भव्य प्रदर्शन



किया जाएगा। इसमें लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर्स की फ्लाई-पास्ट, टुकड़ियों का मार्च, मिसाइल, टैंक, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्ध क्षमताओं का प्रदर्शन शामिल रहेगा। परेड में नेपाल आर्मी बैंड भी भाग लेगा, जिससे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय गरिमा मिलेगी।

#### एसएमएस स्टेडियम में 'शौर्य संध्या 2026'

मुख्यमंत्री ने बताया कि 15 जनवरी को एसएमएस स्टेडियम में 'शौर्य संध्या 2026' का आयोजन किया जाएगा, जिसका पूर्वाभ्यास 10 जनवरी को होगा। कार्यक्रम में फर्स्ट डे कवर का विमोचन, शहीदों के परिजनों का सम्मान, परंपरागत युद्ध कलाओं का प्रदर्शन और ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित भव्य लाइट एंड साउंड शो प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही 1000 ड्रोन के माध्यम से अत्याधुनिक ड्रोन शो भी होगा।

#### 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी 8 से 12 जनवरी तक

मुख्यमंत्री ने बताया कि 8 से 12 जनवरी 2026 तक सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज परिसर में 'नो योर आर्मी' प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जहां आमजन को सेना की आधुनिक हथियार प्रणालियों और रक्षा तकनीक को नजदीक से देखने का अवसर मिलेगा।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर मनजिंदर सिंह, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित राज्य सरकार और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गुलाबपुरा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । यह कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई है । इसमें गुलाब बाबा की धूणी मेले के दौरान दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों की तलाश कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है ।



गिरफ्तार आरोपियों में पोलू पुत्र चुन्नीलाल भील (25) एवं गणेश पुत्र हीरालाल गुर्जर (19), निवासी गुलाब बाबा की धूणी, शामिल हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## विधायक मीणा को मिली नई जिम्मेदारी, अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

**गजानंद जोशी**

जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा जारी आदेश में राजस्थान प्रदेश मोर्चा के प्रदेश अध्यक्षों की सूची घोषित की गई, जिसमें विधायक गोपीचंद मीणा को अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इस नियुक्ति की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक मीणा का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। नवनियुक्त दायित्व को लेकर विधायक गोपीचंद मीणा ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और जनहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## राजगढ़ मार्ग पर बड़ा हादसा, बाइक सवार को बचाने में कार खाई में गिरी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह**

राजगढ़ मार्ग पर सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया ।सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी । हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । जानकारी के अनुसार कार चालक सुशील जैन निवासी महुआ, चवलेश्वर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन



अतिशय तीर्थ क्षेत्र चैनपुरा से दर्शन कर वापस काछोला लौट रहा था इसी दौरान काछोला-राजगढ़ मार्ग पर अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे बनी गहरी खाई में जा गिरी हादसे में कार चालक सुशील जैन को गंभीर चोटें आई , मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को खाई से बाहर निकाला और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । इस हादसे के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि काछोला-राजगढ़ मार्ग पर सड़क के दोनों ओर गहरी खाइयां बनी हुई हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं न ही चेतावनी संकेतक, जिसके चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं । ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से मांग की है कि मार्ग पर जल्द से जल्द खाइयों को भरवाया जाए व मार्ग पर उगे अंग्रेजी बबूल को कटवाया जाए संकेतक बोर्ड और आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# एनडीपीएस मामले में 5 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गुलाबपुरा थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस प्रकरण में वांछित 5,000 रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा डीएसटी के सहयोग से की गई है । आरोपी आसींद थाने के एनडीपीएस मामले में वांछित था। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे आगे का अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान



अंडाराम पुत्र बस्तीराम जाट (31) निवासी खंगार, थाना निम्बी, जिला नागौर के रूप में हुई है।

# बानोडा बालाजी की शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद उन्दरों का खेड़ा पहुंची, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

बानोडा बालाजी की पावन शोभायात्रा गोलमगढ़ बालाजी मंदिर से रविवार को विधिवत पूर्णाहुति के पश्चात सोमवार को विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर में पंहुची। इस दौरान शोभायात्रा नया नगर, सलावटिया, बेरीसाल, कल्याणपुरा, नयागांव, मालीपुरा, तेजाजी का चौक, श्रीराम टॉकीज, रोडवेज बस स्टैंड, बालाजी चौराहा एवं शक्करगढ़ चौराहा से होती हुई उन्दरों का खेड़ा बालाजी मंदिर तक पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। विशेष रूप से विंध्यवासिनी शक्तिपीठ एवं रोडवेज बस स्टैंड पर भव्य स्वागत हुआ । रोडवेज बस स्टैंड पर श्रद्धालुओं ने जेसीबी मशीन से पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों, जयकारों और भजनों के बीच निकली शोभायात्रा के उन्दरों का खेड़ा पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई, चारागाह भूमि से 150 टन अवैध बजरी जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश) अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनिज विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई की गई। अधीक्षण खनिज अभियंता अजमेर जे.के. गुरुबक्षाणी के निर्देशन तथा सहायक खनन अभियंता मनोज कुमार तंवर के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया गया।

अभियान के तहत सोमवार को सहायक खनन अभियंता कौशल शर्मा एवं राधेश्याम चौधरी, पुलिस थाना सावर के थानाधिकारी मय जाप्ता के साथ तहसील सावर के ग्राम बनेडिया क्षेत्र में चारागाह भूमि पर अवैध रूप से खनन कर संग्रहित की गई बजरी पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके से लगभग 150 टन अवैध बजरी जब्त की गई।जब्त की गई बजरी को पट्टाधारक की सहायता से टीपी प्वाइंट मेहरूकला पर सुरक्षित डलवाया गया है, जिसे नियमानुसार आगामी प्रक्रिया के तहत नीलामी के माध्यम से निस्तारित किया जाएगा। इस संयुक्त कार्रवाई में खनिज विभाग के अधिकारी, होमगार्ड के जवान तथा सावर पुलिस थाना प्रभारी सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

# बजरी खनन को लेकर बड़लियास क्षेत्र में बवाल, ग्रामीण-लीज धारक भिड़े, 5 घायल, जेसीबी क्षतिग्रस्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में बजरी खनन को लेकर सोपुरा गांव में ग्रामीणों और बजरी लीज धारक पक्ष के बीच हुई आपसी मारपीट में पांच लोग घायल हो गए, जबकि मौके पर मौजूद जेसीबी मशीन क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर वहां भी भारी भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार बजरी लीज धारक नरेश विश्नोई अपने कर्मचारियों व साथियों के साथ



गांव में खनन के लिए रास्ता बनाने पहुंचे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और विवाद बढ़ गया। इस दौरान दोनों पक्षों में हुई मारपीट में कुल पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में कुछ घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। दो घायलों का उपचार निजी अस्पताल में जारी है। अस्पताल पहुंचने पर बड़ी संख्या में परिजन व समर्थक जमा हो गए, जिससे कुछ समय के लिए अव्यवस्था का माहौल भी बना। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

मारपीट में घायल हुए लोगों में जितेन्द्र (36) पुत्र लूण सिंह निवासी सीकर, नरेश (42) पुत्र अमर सिंह विश्नोई निवासी गांधीनगर, अनिल (43) पुत्र बंशी लाल डीडवानिया निवासी भीलवाड़ा, भारत (36) पुत्र देवचंद्र विश्नोई निवासी पुर और अभिषेक (26) पुत्र राजू विश्नोई निवासी पुर शामिल हैं।

# सूने मकान से जेवरात व नकदी ले उड़े चोर




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है। प्रतापनगर थाना क्षेत्र की शांता विहार कॉलोनी में बीती रात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर करीब लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार 100 फीट रोड स्थित शांता विहार कॉलोनी निवासी राजेंद्र सालवी परिवार सहित बाहर गए हुए थे। इसी दौरान बदमाशों ने मकान के पीछे खेत की ओर लगी सुरक्षा जाली काटकर घर में प्रवेश किया और ताले तोड़कर अलमारियों से सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चुरा ली। सुबह पड़ोसियों ने टूटे ताले देखे तो चोरी का पता चला। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# अधूरे हाईवे निर्माण को लेकर आसींद में उग्र विरोध, खून से लिखा ज्ञापन सौंपा





भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

कस्बे के मध्य से गुजर रहे नेशनल हाईवे-158 के अधूरे निर्माण को लेकर लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को आसींद यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने उपखंड अधिकारी के नाम खून से लिखा ज्ञापन सौंपकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि करीब 700 मीटर लंबे हाईवे हिस्से में तीन माह पूर्व सड़क सीमा में आने वाले मकानों को एनएचएआई अधिकारियों द्वारा तोड़ दिया गया था, लेकिन इसके बाद से अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। इस लापरवाही के चलते प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे तंबू लगाकर रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरा निर्माण होने से मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे आमजन की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। नियमों के अनुसार निर्माण पूर्ण होने तक सड़क की मरम्मत एवं सुरक्षित यातायात की जिम्मेदारी एनएचएआई की होती है, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही।

प्रदर्शन के दौरान लोगो ने आरोप लगाया कि एनएचएआई प्रशासन ने केवल मकान ध्वस्त करने की कार्रवाई की, इसके बाद निर्माण कार्य को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। आक्रोशित लोगों ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही अधूरे निर्माण कार्य को शुरू कर आमजन को राहत नहीं दी गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नेशनल हाईवे अथॉरिटी प्रशासन की होगी।

# मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने जिले में चाइनीज मांझा एवं अन्य खतरनाक मांझों के निर्माण, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश के अनुसार सुबह 6 से 8 बजे तथा शाम 5 से 7 बजे तक पतंग उड़ाना भी प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश 31 जनवरी तक जिले में प्रभावी रहेगा।

प्रशासन ने नागरिकों से नियमों का पालन कर जन-सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।



QUICK BITES

## 69वीं स्कूली राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिताः श्रीराम व्यायामशाला के 7 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्रीराम व्यायामशाला जूडो सेंटर, पुर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। 69वीं स्कूली राष्ट्रीय जूडो 14 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता में श्रीराम व्यायामशाला के 7 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है।

जिला जूडो कोच चेतन चोबे ने बताया कि चयनित खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में धर्मेश आचार्य, नमन विश्नोई , दिपांशी खोईवाल , कृष्णा राजोरा, आरती आचार्य, भावना विश्नोई एवं रिंकू गुर्जर शामिल हैं।

ये सभी खिलाड़ी 6 से 11 जनवरी तक लुधियाना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

इस उपलब्धि पर श्रीराम व्यायामशाला के उस्ताद गिरिराज चोबे, जूडो प्रशिक्षक भगवती लाल शर्मा व जगदीश राजोरा सहित देवीलाल खारोल, बाबूलाल गाडरी, शिवलाल खारोल, मनोज चतुर्वेदी, पुष्कर तेली, यशपाल खोईवाल, राजेन्द्र आचार्य, प्रकाश राजोरा, परसराम जाट, मुकेश, मनोज, सत्यनारायण, विशाल तथा अन्य जूडो खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## न्याय आपके द्वार अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर के निर्देशानुसार ताल्लुका विधिक सेवा समिति केकड़ी के तत्वावधान में 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत सोमवार को ग्राम सांकरिया में ग्रामीणों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी निर्मला राठौर ने शीतकालीन महीनों में बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण, महिलाओं के विरुद्ध लिंग आधारित हिंसा, नई चेतना 4.0, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन का 65वां प्राकट्योत्सव गौ सेवा व मानव सेवा से सजा भक्ति-पथ





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**

हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के 65वें प्राकट्योत्सव 30 दिसंबर के पावन अवसर पर सोमवार को सेवा, करुणा और सनातन मूल्यों की अनुपम झलक देखने को मिली। प्राकट्योत्सव से एक दिन पूर्व सीताराम गौशाला काइन हाउस में आयोजित सेवा कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि उत्सव केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का अवसर है।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत गौ पूजन से हुई। इसके बाद निराश्रित एवं असहाय गौवंशों को 351 किलो लापसी एवं 151 किलो हरी सब्जियों का भोग अर्पित किया गया। गौशाला परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा, जहां मंत्रोच्चार और सेवा भाव ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। गौ सेवा के साथ-साथ मानव सेवा को भी प्राथमिकता दी गई। पंचवटी सेवा बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों के लिए 101 भोजन पैकेट्स का वितरण किया गया, जिससे कई जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। इस अवसर पर आश्रम के संत गोविंदराम ने कहा कि महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन का संपूर्ण जीवन सेवा, करुणा और सनातन परंपराओं का जीवंत उदाहरण है। उनका संदेश है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति और निराश्रित प्राणी की सेवा ही सच्ची साधना है। प्राकट्योत्सव को गौ सेवा और मानव सेवा के माध्यम से मनाना उनके विचारों को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इसमें ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, मिहिर, हीरालाल गुरनानी, पुरुषोत्तम परियानी, सुरेश वंदना आहूजा (सूरत), जयराम वर्षा अभिचंदानी (अहमदाबाद), मनोज खुशलानी (मुंबई), राजू चवरानी (कोटा), सांसद प्रवक्ता विनोद झूरानी, मनीष सबदानी, संदीप तोतला, कन्हैया जगत्यानी, दीपक मेहता, अरविंद दाधीच, राजू कीर, हेमंत रामवानी, अनिल आसनानी, सावर कीर, संजय गुरनानी, जय गुरनानी सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्राकट्योत्सव के मुख्य कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित होंगे। सुबह 8.15 बजे हरि शेवा उदासीन आश्रम में जगद्गुरु श्री श्रीचंद्र महाराज एवं समाधि वाले सतगुरुओं का पूजन और हवन किया जाएगा। इसके बाद हरि सिद्धेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक, गौ पूजन और गौमाता को लापसी प्रसाद अर्पित किया जाएगा। कच्ची बस्तियों में अन्नपूर्णा प्रसाद वितरण तथा गौशाला में रामगऊ को हरा चारा दिया जाएगा।

शाम 5 बजे दीप प्रज्वलन, महामण्डलेश्वर की दीर्घायु हेतु स्वस्ति वाचन, प्राकट्योत्सव की भूमिका और उद्बोधन होंगे। विभिन्न समाज संगठनों द्वारा अभिनंदन के बाद अन्नपूर्णा प्रसाद वितरित किया जाएगा। सायं 7 बजे देश के विख्यात भजन गायक संत प्रकाशदास जी महाराज की सुमधुर वाणी में भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें भक्ति, भाव और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

# शाहपुरा से चित्तौड़गढ़ कालका माता तक पदयात्रा संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



नगर के चार देवरों के उपासकों द्वारा नगर की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना को लेकर शाहपुरा से चित्तौड़गढ़ स्थित कालका माता मंदिर तक पदयात्रा संपन्न की गई। श्रद्धालुओं ने तीन दिनों में कठिन मार्ग तय करते हुए आस्था और संकल्प के साथ यात्रा पूर्ण की।

चतुर्थ दिन कालका माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा शाहपुरा नगर की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा गया। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस पदयात्रा में शाहपुरा निवासी जितेंद्र सिंह नरूका, उदयलाल, देबीलाल तथा शिवपुरा निवासी छोटूलाल शामिल रहे। यात्रा का शुभारंभ स्थानीय सगसजी के स्थान से किया गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रियों का स्वागत कर जलपान कराया।

कालका माता मंदिर के दर्शन के बाद उपासकों ने झांतला माता और सांवरिया सेठ के भी दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह पदयात्रा पूरे शाहपुरा के कल्याण की भावना से की गई।

# मुख्यमंत्री संबल योजना में दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपए प्रति लीटर सब्सिडी की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**



राजस्थान के प्रत्येक दुग्ध उत्पादक को मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत 5 रुपए प्रति लीटर सब्सिडी दिए जाने की मांग को लेकर भीलवाड़ा की गोकुल डेयरी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि बढ़ती उत्पादन लागत, चारे की महंगाई और परिवहन खर्च के कारण दुग्ध उत्पादकों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में यह सब्सिडी उन्हें संबल प्रदान करेगी।

ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में गोकुल डेयरी के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चौबे , मुख्य सलाहकार मुरलीधर व्यास, आसींद अवशीतन केंद्र इंचार्ज फोजमल गुर्जर, सीनियर लेखाधिकारी रतन लाल, प्रहलाद राय शर्मा एवं देवकिशन शर्मा शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और प्रदेश के लाखों किसान परिवार इससे जुड़े हैं। वर्तमान परिस्थितियों में दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य और सरकारी प्रोत्साहन मिलना अत्यंत आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि यदि मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत प्रति लीटर 5 रुपए की सब्सिडी लागू की जाती है तो इससे छोटे और सीमांत दुग्ध उत्पादकों की आय में सीधा इजाफा होगा। साथ ही दुग्ध संग्रहण और आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूती मिलेगी, जिससे सहकारी डेयरियों की स्थिति सुदृढ़ होगी।

जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और ज्ञापन को अग्रिम कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को प्रेषित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादकों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ेंगे।

## राहुल का भारतीय सेना में चयन, लाडपुरा चौराहे पर हुआ भव्य स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।

पंचायत क्षेत्र की श्यामगढ़ पंचायत अंतर्गत फूल जी की खेड़ी गांव निवासी राहुल मीणा पुत्र सीताराम के भारतीय सेना में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

सेना में चयन के बाद राहुल मीणा के लाडपुरा चौराहे पर पहुंचने पर गौशाला अध्यक्ष नारायण सनाढ्य, शक्ति केंद्र संयोजक मोहन सिंह शक्तावत, शांति लाल मीणा, सत्यनारायण मेवाड़ा, यशोधर वैष्णव, प्रभु लाल सनाढ्य, भोलू माली आनंद , मोहन जोशी ,सुरज मल गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिकों व ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।ग्रामीणों ने कहा कि राहुल का सेना में चयन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## रघुनाथजी मंदिर में पौषबड़े का भोग, भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

गोविंद सेवा समिति पटवारी परिवार की ओर से पौष माह के अवसर पर रघुनाथजी मंदिर में पौषबड़े का भोग अर्पित किया गया। समिति के राकेश पटवारी ने बताया कि इस अवसर पर ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। सायं महाआरती के पश्चात पौषबड़े का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में पटवारी परिवार के वरिष्ठ सदस्य बसंतीलाल, सत्यनारायण, रमेशचंद्र, जगदीशचंद्र, राजेश, दिनेश, किशन, वीरेंद्र, चंद्रप्रकाश, अनिल, सूर्यप्रकाश, रोहित, सतीश, आलोक, विवेक, मयंक पटवारी, रामेश्वरलाल, घीसुलाल, पवन तोतला, दीपक सोमानी, देवेश्वर लढ्ढा सहित कई श्रद्धालु व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

# जन जागरण अभियानः बिजौलिया में कांग्रेस की संगोष्ठी व रैली, अरावली संरक्षण और मनरेगा को लेकर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवाड़ी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जन जागरण अभियान के तहत संगोष्ठी एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अरावली पर्वतमाला के संरक्षण तथा मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन जागरण रैली निकाली।

सभा को संबोधित करते हुए मांडलगढ़ विधानसभा प्रभारी मुरली गुर्जर ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ नहीं, बल्कि राजस्थान की जीवनरेखा है। इसके संरक्षण से ही जल, पर्यावरण और जनजीवन का संतुलन बना रह सकता है। वहीं जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलना महात्मा गांधी के योगदान का तिरस्कार है, जिससे गरीब और श्रमिक वर्ग के हित प्रभावित हो रहे हैं।रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'अरावली बचाओ, पर्यावरण बचाओ' और 'मनरेगा बचाओ' जैसे नारे लगाए। रैली उपखंड कार्यालय पहुंची,जहां उपखंड अधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल राव, सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



# पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के जन्मदिन व पुण्य तिथि कार्यक्रमों को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

**(नरेश धाकड़)** । मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ के जन्मदिन एवं पुण्य तिथि पर आयोजित होने वाले सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर सोमवार को बिजौलिया में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ की उपस्थिति में धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया की पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के जन्मदिन 18 जनवरी को त्रिवेणी संगम महादेव स्थल पर विशाल चिकित्सा जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं उनकी पुण्य तिथि 4 अप्रैल को उनकी प्रतिमा का अनावरण तथा आदर्श धाकड़ विद्यापीठ विद्यालय के नवीन भवन का उद्घाटन किया जाएगा।

तीनों कार्यक्रमों की सफलता को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में उपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, उपरमाल धाकड़ समाज अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, थड़ौदा ग्राम पंचायत प्रशासक राजेश धाकड़, सहित दुर्गेश धाकड़, रामफूल धाकड़, अनिल धाकड़, नरेश धाकड़ एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था राजस्थान के चुनाव बिजोलिया में संपन्न , मुकेश बने अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

**रमेश गुर्जर।** श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था राजस्थान के द्विवार्षिक चुनाव नगर के चित्तौड़ा उत्सव भवन में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। चुनाव परिणामों में अध्यक्ष पद पर मुकेश चित्तौड़ा, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र चित्तौड़ा, महासचिव मथुरेश चित्तौड़ा, कोषाध्यक्ष योगेश चित्तौड़ा, सह-सचिव उमाशंकर चित्तौड़ा तथा अंकेक्षक पद पर सीए सुमित चित्तौड़ा निर्वाचित हुए। इसके साथ ही जिलेवार से कुल 25 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। चुनाव अधिकारी शिव प्रसाद चित्तौड़ा ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पद, गोपनीयता एवं समाजहित में निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद आगामी बसंत पंचमी महोत्सव के आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष एवं महासचिव ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



# पीडब्ल्यूडी ठेकेदार की लापरवाही से चंबल पाइपलाइन टूटी, दो माह से तीन गांव प्यासे

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार की लापरवाही से चंबल पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते दो पंचायतों के तीन गांवों भीमपुरा, हर्षलों की झोपड़िया और बागरथल गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों को पिछले दो महीनों से पानी नसीब नहीं हो रहा है। भीषण जल संकट के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया की केसरपुरा से भीमपुरा सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार ने करीब एक किलोमीटर तक लंबी चंबल की लाइन तोड़ दी। घटना के बाद से अब तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की गई। हालात यह हैं कि ग्रामीण दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं।

विभागों में जिम्मेदारी को लेकर टकराव समस्या के समाधान को लेकर चंबल विभाग और पीडब्ल्यूडी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। चंबल विभाग का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान लाइन तोड़ी गई, इसलिए मरम्मत की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी की है। वहीं पीडब्ल्यूडी का दावा है कि पेयजल लाइन चंबल विभाग के अधीन है, इसलिए वही इसे दुरुस्त करे। दोनों विभागों के इस आपसी टकराव में जनता पिस रही है।

ग्रामीणों ने कई बार दोनों विभागों को लिखित व मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही और आपसी तालमेल की कमी के कारण सरकार की पेयजल योजनाओं का लाभ आमजन तक नहीं पहुंच पा रहा।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पाइपलाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर जिम्मेदार विभाग और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।





# शाहपुरा को जिला बहाल करने की मांग, सातवां स्मरण पत्र सौंपा ,आंदोलन और उग्र होगा



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

शाहपुरा को पुनः जिला दर्जा दिलाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन एक वर्ष पूरा कर चुका है। जिला बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम सातवां स्मरण पत्र सौंपते हुए सरकार को दिया गया वादा याद दिलाया और चेतावनी दी कि शीघ्र बहाली नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

जिला बचाओ संघर्ष समिति महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष राजोरा ने कहा कि पूर्व में जयपुर में मुख्यमंत्री से शाहपुरा विधायक की मौजूदगी में वार्ता हुई थी, जिसमें जिले की बहाली का सकारात्मक आश्वासन मिला था, लेकिन सात माह बीतने के बाद भी निर्णय नहीं होने से आमजन में आक्रोश है। समिति जनता से किए वादों के लिए प्रतिबद्ध है और आवश्यकता पड़ी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर स्टांप वेंडर एसोसिएशन अध्यक्ष भगवान सिंह यादव, प्रॉपर्टी एसोसिएशन अध्यक्ष अजय मेहता, कपड़ा व्यवसायिक संगठन अध्यक्ष ओम सिंधी, समिति सदस्य सत्यनारायण पाठक, हाजी उस्मान, मोहम्मद छिपा, सूर्य प्रकाश ओझा, प्रवीण पारीक, कवि दिनेश बंटी, नजीर मोहम्मद, अखिल व्यास, मदनलाल कंडारा, छोटू रंगेज, धनराज जीनगर, सुनील पाराशर, अरुण राव, अभय गुर्जर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# महंत गोपाललाल पाराशर की पुण्यतिथि पर तिलस्वां महादेव में रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा आज

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

श्री तिलस्वां महादेव मंदिर के महंत स्व. गोपाललाल पाराशर की पुण्य स्मृति में मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम नीलकंठ रिसोर्ट, श्री तिलस्वां महादेव परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

पुजारी घनश्याम पाराशर एवं गिरधर पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम महंत रामप्रिय दास एवं महंत पूर्णाशंकर पाराशर के सानिध्य में संपन्न होगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाललाल खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी होंगे। कार्यक्रम में जोगणिया माता संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, तिलस्वां महादेव मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर, ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़, पूर्व प्रधान कैलाश मीणा, गोपाल मालवीय, उपप्रधान कैलाश धाकड़, भवानीशंकर पाराशर, सुरेश पाराशर, उपखंड अधिकारी अजीत सिंह, थाना प्रभारी स्वागत पांडेय, तहसीलदार ललित डीडवानिया, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।



## QUICK BITES

# कुलदीप सिंह क्षत्रिय करणी सेना ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

क्षत्रिय करणी सेना परिवार द्वारा कुलदीप सिंह खाचरोल को ग्रामीण जिलाध्यक्ष , भीलवाड़ा के पद पर मनोनीत किया है,जीतेन्द्र सिंह रजावत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी. राजस्थान व भँवर सिंह नरुका, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सह प्रभारी, राजस्थान ने कुलदीप सिंह को नियुक्ति पत्र जारी किया है।

कुलदीप को इस पद की गरिमा को बनाए रखते हुए संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और समाज व राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने के निर्देश जारी किए है। कुलदीप सिंह के ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनने पर शुभचिन्तकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# चौसला कॉलोनी में श्रद्धा व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ पौषबड़ा महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश)** कस्बे की चौसला कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर में सोमवार को पौषबड़ा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। महोत्सव में कॉलोनीवासियों सहित चौसला कॉलोनी, केकड़ी, देवली, कोटा एवं अजमेर में निवासरत चौसला परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान दोपहर में भजन मंडलियों द्वारा भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियाँ दी गई, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। इसके बाद भगवान श्री चारभुजा नाथ को पौषबड़ा सहित विशेष भोग अर्पित किया गया। महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# पशु चिकित्सालय का हुआ शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।



ग्राम पंचायत में लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर सोमवार को पशु चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम सरपंच धापू देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पशु चिकित्सालय का शुभारंभ विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से संभव हो सका।

सरपंच धापू देवी ने बताया कि गांव में पशु चिकित्सालय नहीं होने से पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जो अब समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत को बेहतर बनाना और किसानों व पशुपालकों को सरकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है। इस अवसर पर पशुधन निरीक्षक बनवारी मीणा, राजू सिंह, बंशी शर्मा, गोपाल लाल शर्मा, शंकर जाट, नंदलाल खारोल, बालू बैरवा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रवासी पक्षी राजहंस का रेस्क्यू, वन विभाग ने बचाया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शास्त्रीनगर क्षेत्र में घायल अवस्था में मिले प्रवासी पक्षी राजहंस (ग्रे लेग गूज) को समय रहते रेस्क्यू कर बचा लिया गया। जलधारा विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश चंद्र नवहाल ने बताया कि महावीर प्रसाद जैन के घर पर समाजसेवी कमला देवी चौधरी ने घायल पक्षी को उड़ने में असमर्थ देखा और तुरंत वन विभाग की टीम को सूचना दी।



सूचना पर वन विभाग के अधिकारी सोहनलाल मौके पर पहुंचे और राजहंस का रेस्क्यू किया। जांच में पाया गया कि उसके पंखों के किनारे घाव होने के कारण वह उड़ नहीं पा रहा था। रेस्क्यू के बाद पक्षी को उपचार के लिए वन विभाग अपने साथ ले गया।

ग्रे लेग गूज प्रवासी पक्षियों की एक प्रमुख प्रजाति है, जो सर्दियों में साइबेरिया से उड़कर भारत आती है। इसकी उड़ान क्षमता विलक्षण मानी जाती है और इसे ऊंची उड़ानों के लिए जाना जाता है। यह शाकाहारी पक्षी तालाबों में तैरता है तथा आसपास उगी नरम घास, पौधों की जड़ें और पत्तियां खाता है। लाल चोंच और लाल पैरों वाला यह पक्षी क्षेत्र की जैव विविधता और पर्यावरण को समृद्ध करता है।इस दौरान जलधारा विकास संस्थान के सचिव बालकृष्ण शर्मा भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।